<u>भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक **16/03/2023** को हिंदी कार्यशाला का आयोजन</u>

भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रचार – प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक 16 मार्च, 2023 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में कुल 28 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सर्वप्रथम खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी महोदय डॉ.वाय.जी.काले ने आमंत्रित व्याख्याताओं का संक्षिप्त परिचय दिया तथा कार्यशाला के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसकी औपचारिक शुरुआत की।

हिंदी कार्यशाला में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के डॉ. मनोज कुमार, सचिव नराकास ने राजभाषा नीति, श्री राजीव कुमार, मुख्य प्रबंधक(राजभाषा), बैंक ऑफ इंडिया ने हिन्दी भाषा तथा श्री असीम कुमार, कनि. अनुवाद अधिकारी ने हिन्दी तिमाही रिपोर्ट आदि विषयों पर अपने व्याख्यान दिए।

अपने व्याख्यान में डॉ. मनोज कुमार ने राजभाषा नीति विषय पर व्यापक रूप से अपने विचार रखे जिसमें उन्होनें अंग्रेजो के काल से हिन्दी की क्रांति के संबंध में विस्तार से बताते हुए हिन्दी के वर्णों, अंकों एवं लिपि संबंधी जानकारी दी। श्री राजीव कुमार ने हिन्दी भाषा पर व्याख्यान देते हुए संविधान में राजभाषा से संबंधित विभिन्न अनुच्छेदों की विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही हिन्दी के शब्दों जैसे ‘निवेदन’ व ‘अनुरोध’ तथा ‘निमंत्रण’ व ‘आमंत्रण’ जैसे अनेकों शब्दों में क्या अंतर होता है इसके बारे में बताया। श्री असीम कुमार, कनि. अनुवाद अधिकारी ने तिमाही रिपोर्ट भरते हुए क्या सावधानी बरती जाए इसकी जानकारी देते हुए इसके प्रारूपण से प्रतिभागियों को अवगत कराया साथ ही रिपोर्ट में आंकडो को भरते समय होने वाली सभी भ्रांतियों को दूर किया ।

कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने अपनी विशेष रूचि दिखाते हुए व्याख्याताओं से अपनी समस्याओं का निवारण किया साथ ही ऐसी कार्यशाला समय – समय पर नियमित रूप से आयोजित किए जाने की इच्छा व्यक्त की ।

कार्यशाला के पश्चात सभी प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई। सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की साथ ही यह भी कहा कि कार्यशाला में व्याख्याओं के साथ विचार – विमर्श आवश्यक है तथा इस कार्यशाला को पूरी तरह से परिपूर्ण बताया ।

अंत में श्री ए. के. शर्मा, संपादक द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।

....
......